यमुना में बाढ़ का पानी बुझाएगा दिल्ली की प्यास



दूसरे राज्यों में हुई बारिश के चलते हथिनीकुंड बैराज से पानी छोड़ा जा रहा है

■ विशेष संवाददाता, नई दिल्ली

यमुना का पानी राजधानी के लोगों की प्यास बुझाएगा। भले अगस्त में राजधानी में 70 से 80 प्रतिशत तक बारिश कम हुई हो लेकिन यमुना में आ रहा पानी राजधानी में उम्मीद की किरण दिखा रहा है। दूसरे राज्यों में हुई बारिश की वजह से हथिनीकुंड बैराज से पानी छोड़ा जा रहा है। इससे इन दिनों यमुना में भी काफी बहाव है।

दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारियों के अनुसार, यमुना के बाढ़ के पानी को एकत्रित करने के लिए पल्ला में 26 एकड़ में यमुना किनारे झील बनाई गई है। इस झील में पिछले 17 दिनों के दौरान 1400 मीलियन गैलन से अधिक पानी एकत्रित हो चुका है। यह झील यमुना में बाढ़ के पानी से लबालब भर गई है। इस पानी का टीडीएस स्तर 100 से अधिक है। यह पानी 1.25 लाख घरों के लिए पर्याप्त है।

> 17 दिन में यमुना से मिल गया 1400 मीलियन गैलन पानी

डीजेबी अधिकारियों के अनुसार, उम्मीद है कि इस पानी से यहां भूजल 2 से 3 मीटर बढ़ने की संभावना है। डीजेबी के अनुसार, यमुना में आए अतिरिक्त पानी से नई कृत्रिम झील को भी भरा जा रहा है।

nwda.gov.in